हमें इनके भी सही उत्तर प्राप्त हुए – कुन्दन कुमार, अजय कुमार, विकास तिवारी, विकास कुमार, छपरा (बिहार), कपिल मेनारिया, उदयपुर (राजस्थान), सरोज सतपथी, कलान (उड़ीसा), एच.एस. फतेसिंह, झरसूगुड़ा (उड़ीसा), राकेश नायक, डॉ. सी.आर. दाश, मानस रंजन साहू, पुरी (उड़ीसा)

## विपनेट प्रश्नावली 121 के उत्तर एवं विजेता

### बर्फ का चूरा अपारदर्शी क्यों होता है?

जब प्रकाश की किरणें किसी वस्तु के आर–पार गुजर जाती हैं तो उस वस्तु को पारदर्शी कहते हैं। लेकिन जब कोई वस्तु अपने ऊपर पड़ने वाले संपूर्ण प्रकाश को परावर्तित कर देती है तो उसे अपारदर्शी कहते हैं। इन वस्तुओं का रंग सफेद होता है।

बर्फ की संरचना क्रिस्टलीय होती है। इसमें छोटे–छोटे हिम–क्रिस्टल व्यवस्थित रूप से सजे होते हैं। व्यवस्थित होने के कारण ही प्रकाश की किरणें हिम घन (Ice Cube) से गुजर जाती हैं।

लेकिन जब हम बर्फ के छोटे–छोटे टुकड़े कर देते हैं तो प्रकाश की किरणें प्रत्येक क्रिस्टल में पूर्ण रूप से परावर्तित हो जाती हैं। क्रिस्टलों के बीच हवा भर जाने से ऐसा होता है। ये किरणें बर्फ के ढेर को पार नहीं कर पातीं और अव्यवस्थित तरीके से हमारी आंखों तक पहुचती हैं। इस कारण बर्फ का चूरा हमें सफेद और अपारदर्शी दिखाई देता है।

यदि बर्फ के चूरे को एक गिलास में रखकर उसमें पानी डाल दिया जाए तो वे पुन: कुछ पारदर्शी हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि पानी डालने पर हवा की जगह पानी भर जाता है। बर्फ और पानी एक ही पदार्थ के दो रूप हैं। अत: ये दोनों प्रकाश के लिए समरूप माध्यम बन जाते हैं।

### क्या सांप सचमुच बीन की आवाज पर झूमते हैं?

सांप हमला करने से पहले अपने फन को पीछे की ओर झटकते हैं। ये बहरे होते हैं, लेकिन बीन और संपेरे पर निगाह जमाए रहते हैं। ये संपेरे पर हमला भी करते हैं लेकिन संपेरे अपने कौशल से इनसे बच जाते हैं। संपेरे अपने पैर को जमीन पर धीरे–धीरे पटकते हैं जिससे कंपन पैदा होती है। संप इस कंपन के प्रति बहुत संवेदनशील होते हैं और अपना फन हिलाकर रोमांचक दृश्य प्रस्तुत करते हैं।

इस तरह सांप पैर की आहट के कंपन और बीन के हिलने–डुलने पर ही प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं, बीन के संगीत पर नहीं। यह बात आसानी से साबित भी की जा सकती है। यदि सपेरा बीन बजाना बंद कर पैर और बीन को पहले की तरह हिलाता–डुलाता रहे तो भी सांप झूमता रहता है।

### विजेताओं के नाम यहाँ दिये जा रहे हैं:–

1. विकास कुमार तिवारी, छपरा, बिहार
2. दिलीप कुमार, भोपाल, म.प्र.
3. सुरेन्द्र, भिवानी, हरियाणा

विजेताओं को विज्ञान प्रसार की पुस्तकें पुरस्कार स्वरूप भेजी जा रही हैं, बधाइयाँ..!

हमें इनके भी सभी उत्तर प्राप्त हुए – विक्रम गोयल, हिसार (हरियाणा), सुशान्त कुमार, छपरा (बिहार), डॉ. सी.आर. दाश, पुरी (उड़ीसा), कपिल मेनारिया, उदयपुर (राज.), सुनीता कुमारी, पू. चम्पारण (बिहार)

❑ विपनेट डेस्क

## VIPNET Questionnaire 124
## विपनेट प्रश्नावली 124

**प्रिय साथियों,**

यहाँ हम दो प्रश्न दे रहे हैं, जिनके उत्तर आप 20अगस्त, 2006 तक भेज सकते हैं। ड्रॉ के द्वारा तीन सही प्रविष्टियों के विजेताओं का चयन होगा, जिनके नाम के साथ सही जवाब प्रकाशित किये जाएँगे और पुरस्कार स्वरूप विज्ञान प्रसार की पुस्तकें भेजी जाएँगी। आप अपने उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में भेज सकते हैं।

**प्रश्न 1 : पंखे के ब्लेड कभी–कभी विपरीत दिशा में घूमते क्यों प्रतीत होते हैं?**

**Question 1: Why do fan blades sometimes appear to rotate backwards?**

**प्रश्न 2: सिर्फ पक्षियों के ही पंख क्यों होते हैं?**

**Question 2 : Why is it that birds have featheres?**

***अपने जवाब इस पते पर भेजें:–***

विपनेट प्रश्नावली –124
विज्ञान प्रसार
ए–50, इंस्टीट्यूशनल एरिया,
सेक्टर 62, नोएडा – 201 307
(उ.प्र.)

VIPNET Questionnaire -124
VIGYAN PRASAR
A-50, Institutional Area,
Sector 62, Noida - 201 307
(U.P.)

### Correct Answer of Astronomy Crossword-13

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 B | | | | | |
| | 2 A | | | | | E | | | | | |
| 3 E | R | 4 A | T | O | S | T | H | 5 E | N | E | S |
| M | 6 I | R | O | N | | E | | U | | | |
| I | 7 S | I | N | G | U | L | A | R | I | T | Y |
| S | T | E | | | | G | | O | | | |
| S | O | L | | | | E | | P | | | |
| I | T | | | | | 8 U | R | A | N | U | S |
| O | L | | | | | S | | | | | |
| N | 9 E | Y | E | P | I | E | C | E | | | |

**Name of the Winners:-**

1. Mehraj Ahmed Dar, Anantnag, J & K
2. Narottam Rabha, Golaghat, Assam
3. Harsh Gupta, Gaziabad, U.P.

*Congratulations..! An Astronomy kit will be sent to all winners.*

We have also received the correct entries from - Himansu Sekhar Fatesingh, Jharsuguda (Orissa), Vinit Kr. Jain, Fatehabad (Hariyana)

❑ Editor

# क्लबवाणी

## चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या

आर्यभट्ट विज्ञान क्लब, टेमरनी, खरगोन, म.प्र. द्वारा चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम द्वारा समाज में फैले अधंविश्वासों को दूर करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बाल वैज्ञानिकों को चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या का प्रशिक्षण दिया गया।

## योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

मैडम क्यूरी विज्ञान क्लब, बालकवाड़ा, खरगोन, म. प्र. द्वारा माध्यमिक विद्यालय में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण देकर उसे दिनचर्या का अंग बनाने पर ध्यान दिया गया। क्लब ने दिसम्बर 2005 में चमत्कारों की वैज्ञानिक प्रयोगशाला स्थापित कर समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर करने का प्रयास भी किया।

## पोलियो उन्मूलन अभियान

नैशनल जूनियर क्लब ने विगत वर्ष में विज्ञान संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। क्लब ने पोलियो उन्मूलन अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। क्लब द्वारा खगोलिकी कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब द्वारा सर्वशिक्षा अभियान के तहत ''स्कूल चलो अभियान'' पर रैली भी निकाली गई।

## जैव विविधता पर कार्यक्रम

साइन्स रिसर्च क्लब, बाँदा (उ. प्र.) वर्ष 2006 में ''जैव विविधता'' पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। क्लब द्वारा ''अन्तर्राष्ट्रीय भौतिकी वर्ष–2005'' के दौरान विज्ञान व्याख्यान, वाद–विवाद प्रतियोगिता व विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब ने एक जनवरी, 2006 को अपनी स्थापना की पाँचवी वर्षगाठ मनाई।

## विज्ञान जागरूकता सभा

कल्पना चावला साइंस क्लब, मुंगेर, बिहार ने तीन दिवसीय विज्ञान जागरूकता सभा के अंतर्गत विभिन्न विज्ञान कार्यक्रमों का आयोजन किया। क्लब ने ''अधंविश्वासों का पर्दाफाश'' कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जिसके द्वारा अधंविश्वासों के सच को जनसाधारण तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। विज्ञान जागरूकता सभा द्वारा छात्रों व आमजनों के मध्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने का प्रयास किया गया।

## विज्ञान दिवस

कम्प्यूटर लिटरेट्स सोसायटी एवं साइंस फॉर सोसायटी, किशनगंज, बिहार ने विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2006, के अवसर पर अनेक विज्ञान कार्यक्रम आयोजित किए। विज्ञान दिवस के अवसर पर एक विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम अलौकिक चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या को काफी सराहा गया।

# CLUB SPEAK

## World Year of Physics – 2005

Tiruninravur Eco Club, Thiruninravur, Tamilnadu, as part of "World Year of Physics 2005 a series of activities during January 2006, on theme "Science for benefit of mankind". An awareness on Environment and Sanitary Conditions was also organized in which about 400 children and teachers participated. Other programmes includes theme based cultural programmes, debates etc.

## Exhibition on Nature

Kalpana Science Club, Pandhurna,M.P. organized an exhibition on theme "Towards Nature with Technology". In this exhibition about 60 science models and nine charts were displayed. The exhibition was visited by more than 500 students teachers. The special attracting of the exhibition was models and the panels made by the participants on theme Disaster Management, Pollution control and Save Environment etc.

## Animal Protection Unit

Animal Protection Unit, Sulia, Orissa organized an Animal Welfare fortnight from 14$^{th}$ to 30$^{th}$ January 2006. During this period animal health camp and training programme for volunteers were organised.

## Activities of Abhinav Science Club

The Abhinav Science Club, Datiware, Maharashtra reports the various science activities organized from October 15, 2005 to January 2006. During this period, the club organized discussion on "Commercialization of space & its large scale Impacts" . A lecture was also organized on "Modern Military Armaments and Techniques and its danger to Humanity" .

## Environmental Awareness Programme

Youngster Science Club, Dumra, Sitamarhi, organised an Environmental awareness programme - 'Reduce the Wastes' on February 3, 2006. Club also organised Essay competition on science themes. The Club members used herbal colour to celebrate Holi.

## Health Camp

SURAKSSYA Science Club, organised a health camp at Mundabali in Rayagada district, Orissa on December 11, 2005. About five hundred patients were benefited by the camp. People present at the camp were made aware about the symptoms & prevention methods of various hazardous diseases like Leprosy, AIDS, Malaria & T.B. by the club members.

# Workshop on Innovative Physics Experiments

Vigyan Prasar organized a workshop on 'Innovative Physics Experiments" at Army Public School, Lucknow on 30 and 31 May, 2006. The workshop was inaugurated by Prof. V.D. Gupta, former Vice Chancellor of Allahabad University. The workshop was attended by more than 35 teachers of physics from various districts of U.P. like Varanasi, Allahabad, Lucknow, Kanpur, Gorakhpur, Jaunpur, and Barabanki etc. Shri Mukesh Roy of IIT, Kanpur was the main resource person for the workshop. During the workshop more than 30 innovative physics experiments were demonstrated to participants. The demonstration of these experiment created a lot of enthusiasm among the participants and they were of the view that these experiment will definitely help the student in understanding the subject besides giving them a new skill of teaching methodology.

*Teachers participating in the workshop*

The other activities which were organized during the workshop includes demonstration of activity kits on Astronomy & Earthquake and "Use of PC in Scientific Experiments and film shows. A special session on VIPNET, its activities and formation of science clubs in schools was also conducted. A group discussion on the theme "Changes in the ways of physics teaching" was conducted on the second day of the workshop which was chaired by Dr. C.M. Nautiyal, Scientist, Birbal Sahani Institute of Paleobotany, Lucknow.

A poster exhibition on 'General Theory of Relativity', 'Special Theory of Relativity' 'The life and works of Einstein' was also put up at the venue which was appreciated by the participants. Dr. .P.K. Seth, CEO of Biotechnology Park was the chief guest at the Valedictory function,. A kit comprising resource material, publication and other software of Vigyan Prasar was given to each participants.

## Answers of Puzzle & Problems

**Answer 1:**



**Answer 2:**



# जम्मू क्षेत्र में विपनेट उन्मुखीकण कार्यक्रम

विज्ञान प्रसार ने जम्मू कश्मीर राज्य के जम्मू क्षेत्र में विपनेट क्लबों के प्रसार हेतु दो दिवसीय 'विपनेट उन्मुखीकरण कार्यक्रम' आयोजित किया। यह कार्यक्रम 2–3 जून 2006 को लिटिल फ्लावर स्कूल, जम्मू में नेशनल काउंसिल फ़ॉर अरबन एण्ड रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम में विपनेट क्लब के निर्माण पर चर्चा के साथ विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनमें शामिल थे– नवाचारी भौतिकी के प्रयोग, इलेक्ट्रॉनिक्स, खगोलिकी, अन्धविश्वास उन्मूलन एवं चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या। इस कार्यशाला में जम्मू क्षेत्र के सभी छः जिलों से आये लगभग 110 विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को विज्ञान के अध्यापन को रुचिकर और सृजनात्मक बनाने के सुझाव और प्रयोगों से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में विज्ञान प्रसार के श्री बी.के त्यागी, श्री कपिल त्रिपाठी एवं श्री निमिष कपूर शामिल हुए। आई.आई.टी., कानपुर के शोधार्थी श्री मुकेश राय एवं सांइस और कयानात सोसाइटी के श्री ज़िया अहमद खान कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के तौर पर सम्मिलित हुए।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में उपस्थित विज्ञान प्रसार के वैज्ञानिक

कार्यशाला में चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या का प्रदर्शन

## देहरादून में विज्ञान प्रसार गतिविधियाँ

विज्ञान प्रसार द्वारा नेशनल बुक ट्रस्ट की ओर से देहरादून (उत्तरांचल) में अयोजित पुस्तक मेले में दिनांक 17 जून, 2006 को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान प्रसार द्वारा विकसित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इन गतिविधियों में विज्ञान क्विज़, चमत्कार के पीछे छिपा विज्ञान, खाद्यपदार्थों में मिलावट की जाँच और विज्ञान प्रसार के प्रकाशनों की प्रदर्शनी सम्मिलत थी। विज्ञान प्रसार से श्री कपिल त्रिपाठी वैज्ञानिक 'सी' इस कार्यक्रम में शामिल हुए एवं साइंस और कायनात सोसाइटी की ओर से श्री ज़िया अहमद खान ने कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया।

***If you want to know more about Vigyan Prasar, its publications & software, besides the next moves of VIPNET Science Clubs, please write to us at the address given below:-***

**Vigyan Prasar**
A-50, Institutional Area, Sector 62,
Noida (U.P.) 201 307
Regd.Office : Technology Bhawan,
New Delhi -110 016
Phone : 0120 240 4430, 240 4435
Fax : 0120 240 4437
Email : info@vigyanprasar.gov.in
Website : http://www.vigyanprasar.gov.in

*contd. from page 8*

**Monitoring & Predicting ENSO:** The shift from El Niño conditions to La Niña and back again takes about four years. Understanding this irregular oscillation and its consequences for global climate has become possible only in recent decades as scientists began to unravel the intricate relationship between ocean and atmosphere. In the past, an inadequate understanding of the relevant physical processes and a lack of observational data covering vast areas of tropical oceans were among the principal obstacles for scientists engaged in ENSO prediction. Significant improvement of the observational data base was brought about by the Tropical Ocean Atmosphere (TAO) array of instrument buoys moored throughout the equatorial Pacific Ocean. These arrays of buoys along with others in the western Pacific gather surface meteorological and oceanographic data and records ocean temperature to a depth of about 500 meters. Data collected by the TAO array played a central role in the early detection of the onset of the 1997-98 El Nio.

Scientists are now taking our understanding of El Niños a step further by incorporating the descriptions of these events into numerical weather and climate prediction models (computer programs designed to represent, in terms of equations, processes that occur in nature). Such models are fed information/observed data describing the present state of the atmosphere-ocean system (for example, observations of wind speeds, ocean currents, sea level, and the depth of the thermocline). Updated sets of numbers, which the models produce, indicate how the atmosphere-ocean system might evolve over the next few seasons or years. The results thus far, though by no means perfect, give a better indication of the climatic conditions that will prevail during the next one or two seasons.

It is clear that accurate information on El Niño's impact, and forecasts of its future evolution, will be of great benefit in planning for drought, flood, and temperature extremes and in mitigating the resultant loss of life and property. There is real hope that we can understand and forecast the life cycle of ENSO. Scientists are engaged in research to answer how El Niño to La Niña are initiated, is there really a self-sustained cycle in the atmosphere-ocean system, and what is the role of other influences? Encouraged by the progress made in the past decade, scientists and governments in many countries are working together to design and build a global system for observing the tropical oceans, predicting El Niño and other irregular climate events, and making routine climate predictions readily available to the planners. The ability to anticipate how climate will change from one year to the next will lead to better management of agriculture, water supplies, fisheries, and other resources. By incorporating climate predictions into management decisions, humankind is becoming better adapted to the irregular rhythms of climate.

*पृष्ठ 2 का शेष*

रहता और पूरा वायुमंडल अंतरिक्ष में बिखर जाता। अगर यही द्रव्यमान कुछ ज्यादा हो जाता तो सारी गैसें पृथ्वी में ही समा जातीं, तो फिर साँसें कैसे चलतीं? और बढ़े हुए गुरुत्वाकर्षण के कारण, वायुमंडल में ज्यादा अमोनिया और मिथेन बनी रहती, यानि पृथ्वी पर जीवन का अंत। कम गुरुत्व के कारण, पृथ्वी ज्यादा पानी खो देती और बगैर पानी के जीवन कहाँ होता?

इसी तरह अगर पृथ्वी की परत ज्यादा मोटी होती, तो वह वायुमंडल से ज्यादा आक्सीजन सोखती और जीवन फिर संकट में पड़ जाता। अगर यह परत ज्यादा पतली होती तो लगातार ज्वालामुखी फटते रहते और धरती की सतह पर टैक्टॉनिक गतिविधियाँ इतनी अधिक होतीं कि जीवन के बारे में सोचना भी असंभव हो जाता। ऐसे ही महत्वपूर्ण और नाजुक संतुलन का उदाहरण है वायुमंडल में ओजोन गैस का स्तर। अगर ओजोन का स्तर वर्तमान के स्तर से ज्यादा होता तो धरती का तापमान बहुत कम होता और अगर ओजोन का स्तर इससे कम होता तो धरती का तापमान बहुत ज्यादा होता और पैराबैंगनी तरंगे भी धरती की सतह पर ज्यादा टकरातीं। पृथ्वी की सतह के ऊपर पृथ्वी का वायुमंडल गैसों का एक नाजुक संतुलन है ।

गैसों का यह संतुलन सूरज, पृथ्वी और ऋतुओं की भिन्नता से प्रभावित होता है। वायुमंडल पृथ्वी की मौसम प्रणाली और जलवायु का एक जटिल घटक है। वायुमंडल अपनी विभिन्न परतों से गुजरती सौर किरणों में से ऊष्मा सोख लेता है। जो सौर किरणें धरती तक पहुँचती हैं, वह उसकी सतह से टकराकर वापस ऊपर की ओर आती हैं, इन किरणों को वायुमंडल फिर अपने में समा लेता है ।

वायुमंडल में मौजूद ऊष्मा का स्तर कई मौसमी कारकों को प्रभावित करता है, जिसमें वायु की गतिविधियाँ, हमारे द्वारा महसूस किया जाने वाला तापमान, तथा वर्षा शामिल हैं। महासागरों से नमीं का वाष्पन वायुमंडलीय जल–वाष्प पैदा करता है और सही परिस्थितियों में यही वायुमंडलीय जल–वाष्प वर्षा, हिमपात, ओलावृष्टि तथा वर्षण के अन्य रूपों में वापस धरती की सतह पर पहुँच जाते हैं। हवा का तापमान और नमी के गुण भी कई कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे भूमि तथा सागरों का विस्तार, क्षेत्र की स्थलाकृति तथा सौर किरणों में मौसमी भिन्नता। ये सभी कारक लगातार आपसी मेल से हमारी धरती के मौसम को नया स्वरूप और भिन्नता प्रदान करते हैं ।

वैसे तो हमारी पृथ्वी के वायुमंडल में नाइट्रोजन और ऑक्सीजन प्रमुख गैसें हैं, लेकिन इसके अलावा कई अन्य गैसें है, जो पृथ्वी पर जीवन पनपाने लायक वातावरण बनाती हैं, जैसे, कार्बन–डाई–ऑक्साइड, निऑन, हीलियम, मिथेन, क्रिप्टॉन, नाइट्रस ऑक्साइड, हाइड्रोजन आदि, अर्थात इनमें से किसी भी संतुलन का न होना जीवन का संतुलन बिगाड़ सकता है । प्रकृति में ऐसे करोड़ों संतुलन हैं, जिस पर यह जीवन टिका हुआ है ।

हमारे आस–पास हरियाली बिखेरते ये पेड़–पौधे, चहचहाते पक्षी, उछलते–कूदते ये जीव–जन्तु और हम, प्रकृति के इसी नाजुक संतुलन का नतीजा हैं। इस संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें प्रकृति के नियमों को समझना होगा और उनका पालन करना होगा। आज हमारे आस–पास फैलता पर्यावरण प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण आदि हमारी नासमझी का नतीजा हैं, जिस कारण हो सकता है कि पृथ्वी पर जीवन की आयु कम हो जाये क्योंकि पृथ्वी की भी सहने की क्षमता है और अगर हमनें धरती को उसकी सहनशक्ति से ज्यादा तकलीफ दी तो वह उग्र रूप भी धारण कर सकती है । प्रकृति के संतुलन के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता अति आवश्यक है जिससे हम ज्यादा समझदारी से प्रकृति के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभा पाएँगे ।



# One Very Cool Cat - Snow Leopard

❑ Dr. Anurag Sharma
anurag2427@gmail.com

The snow leopards of the Himalaya are among the most elusive predators on Earth. But even their amazing stealth may not be enough to save them. They are in danger. The are being illegally hunted or killed by the keepers of domestic animal , which the snow leopard preys on. As per a report "*Fading Footprints:The Killing and Trade of Snow Leopards*" the present estimated no of this big cat have declined to 4000-7000 only.

*Let me relax*

Snow leopards are found in the high mountainous regions of 12 range States - which comprise, apart from India, its neighbors, Nepal, Pakistan and Bhutan, Afghanistan, China and the central Asian states of Kazakhstan, Kyrgyzstan, Tajikistan, Uzbekistan, Mongolia and the Russian Federation

It is estimated that India have some 200 to 600 snow leopards. The animals are mostly found in Ladakh in the north west and in the Himalayan range spanning the northern states of Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh and Uttaranchal and in north eastern states of Sikkim and Arunachal Pradesh.

The snow leopard has thick, smoky grey fur with dark rosettes and spots. It also has a very long, thick tail (which is an aid to balance and a warm scarf on cold nights) and a dense, woolly underfur so that it can cope with the bitterly cold weather, which is common in its mountainous homeland. It also has an enlarged nasal cavity so that it can warm air before it enters the lungs, long hind limbs and shortened front limbs to help it leap large distances, and well-developed chest muscles.The snow leopard is usually found at an altitude between 3,000 and 4,500 metres in dry, rocky habitat with shrub or grassland. Its habits are nocturnal or crepuscular (dawn and dusk), depending on how persecuted it is in any particular region. Its usual prey is wild sheep and goats, including blue sheep and argali. However, shrinking habitat and encroachment in its territory by domestic animal keeper, snow leopard can also eat deer, young yak, wild ass and domestic livestock. It can kill prey up to three times its own weight. For its survival, it needs to kill a large animal every 10-15 days.

The female snow leopard is ready to breed just before it is three years old and can give birth to two or three cubs every other year. Cubs are independent by the time they are two years old. Male snow leopards maintain a home range, which will overlap with several females.

## Current threats & problems

Snow leopard, a solitary animal, is one of the most beautiful of the big cats and for many years, the main threat to the species was hunting for its fur. The fur trade has decreased internationally in recent years, but other threats have manifested themselves and the species is still threatened. One threat is that herders are increasingly moving their flocks into snow leopard territory for grazing. This affects the snow leopard in two ways. First, domestic livestock compete with wild sheep and goats for grazing. This pushes the wild prey away to other areas. This replaces the natural prey with livestock. This leads to the second consequence, the herders kills snow leopards in retaliation for killing their animals.

Another threat is large-scale poisoning of small mammal populations. This has not only affected snow leopards, but also the other predators which feed on them. Recent reports indicate that the snow leopards are being killed for its bones which are used in Traditional Chinese Medicine (TCM) as substitutes for tiger bones. The plight of poor tiger is well known to us. The snow leopard, in common with all the big cats, is listed on Appendix 1 of the Convention on International Trade in Endangered Species (CITES), which is the highest international protection currently available to this big cat.

*Ready to attack*

There is an urgent need for range States to fill the loopholes in their legislation for snow leopard and increase their enforcement efforts. Efforts should also be made t o include the herder in the conservation efforts by improving the herding practices to reduce "conflicting situation" between man and snow leopard.

## Activity:

Find the list of animals, which are endangered and are habitant of ladakh.

# अनोखा बैंक

❑ नवनीत कुमार गुप्ता
mscnavneet@rediffmail.com

भारत के दक्षिण में तमिलनाडु राज्य की राजधानी, चेन्नई, भारत के चार महानगरों में से एक है। चैन्नई की यात्रा पर निकला कोई भी सैलानी महाबलिपुरम आदि, विश्वप्रसिद्ध मंदिरों के भ्रमण पर जरूर जाता है। चेन्नई, में जहाँ व्यवसाय, रोज़गार आदि की अतुल संभावनाएँ हैं, वहीं, यह शहर भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का भी केन्द्र है। चेन्नई से करीब चालीस किलोमीटर दूर, महाबलिपुरम के रास्ते में, एक और धरोहर है, जो जीवन और सभी जीवों के प्रति भारतीय दर्शन और संरक्षण का अनूठा उदाहरण है। हाँलाकि नाम से ''बैंक'' ही नज़र आता है, परन्तु ये सामान्य बैंकों से पूर्णतः भिन्न है।

**सख्त जबड़े से नाजुक काम**

आमतौर पर खतरनाक दिखने वाले मगरमच्छ के जबड़े, अण्डों के सेने के भी काम आते हैं। असल, में मगरमच्छ के अण्डे, उसमें मौजूद बच्चे के लिए काफी सख्त होते हैं। इसीलिए नर और मादा दोनों एक–एक अण्डा लेकर अपने जबड़े में उसे हल्के से घुमाते हैं, जिससे उसमें दरार पड़ जाएँ और बच्चा आसानी से बाहर आ सके।

सामान्यतः बैंक आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र होते हैं, लेकिन यहाँ हम एक अनोखे बैंक की बात कर रहे हैं, जो दुर्लभ सरीसृप जीवों के संरक्षण की दिशा में कार्यरत है।

हम यहाँ बात कर रहे हैं मद्रास क्रोकोडाइल बैंक की, जिसकी स्थापना सन 1976 में की गई। इस क्रॉक बैंक का ''चिन्ह'', उस मगरमच्छ के बड़े जबड़े का ही प्रतिरूप है, जो यहाँ लोगों के देखने के लिए सुरक्षित रखा गया है। इस बैंक में आए सभी सैलानियों को मगरमच्छ के बच्चे और अण्डे छूने को भी दिये जाते हैं। आमतौर पर सभी के मन में मगरमच्छ, साँप आदि को लेकर एक भय बना रहता है, परन्तु छोटे से मगरमच्छ के बच्चे को स्पर्श करते ही यह समझ आता है कि यह प्राणी भी जीवन के संघर्ष में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए हमारी–आपकी तरह रोज एक लड़ाई लड़ते हैं और जीतते हैं। यह भी मानव की तरह इस ग्रह पर जीवन का रूप हैं, जो पृथ्वी की जैव विविधता का अभिन्न अंग हैं और डायनोसोर एवं आज के समय की एक कड़ी हैं, जो जीवन के कई अनसुलझे रहस्य अपने में समेटे हुए हैं। जीवन के इस रूप में मगरमच्छ के बारे में सोचते ही हमारा भय खत्म हो जाता है और हर जीव के प्रति सम्मान बढ़ता है। मद्रास क्रॉक बैंक विश्व में अपनी तरह का प्रथम केंद्र है जहाँ दुर्लभ सरीसृपों को रखा गया है। मद्रास क्रॉक बैंक चेन्नई से चालीस किलोमीटर दूर दक्षिण में 3.2 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य लुप्तप्राय सरीसृप जीवों के प्रति जागरूकता फैला उनका संरक्षण करना था। मद्रास क्रॉक बैंक ने स्थापना के आरंभिक वर्षों में दुर्लभ भारतीय सरीसृप प्रजाति के मगरमच्छों के संरक्षण को अपना लक्ष्य बनाया। 1970 के दशक के आरंभिक समय में भारतीय मगरमच्छों की कुछ प्रजातियाँ अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्षरत थीं। सर्वप्रथम मद्रास क्रॉक बैंक ने ही इनके संरक्षण के लिए योजना बना कर उस पर कार्य करना आरंभ किया। समय के साथ–साथ मद्रास क्रॉक बैंक ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए अन्य दुर्लभ सरीसृप प्रजातियों के जीवों जैसे साँप, कछुआ व छिपकली के संरक्षण को भी अपनी प्राथमिकता सूची में रख कर उन्हें क्रॉक बैंक का हिस्सा बनाया। मद्रास क्रॉक बैंक में आरम्भ में तीस व्यस्क मगरमच्छों को रखा गया था। वर्तमान में यहाँ करीब पाँच हजार मगरमच्छ देखे जा सकते हैं। विश्व में मगरमच्छों की चौबीस प्रजातियों में से मद्रास क्रॉक बैंक में चौदह प्रजातियों को रखा गया है।

मगरमच्छ का जबड़ा, इसी पर आधारित है ''क्रॉक बैंक'' का चिन्ह

**गर्म तो नर, ठण्डा तो मादा**

मगरमच्छों के बारे में एक रोचक तथ्य उनके नर या मादा होने से जुड़ा है। मगरमच्छ में नर या मादा का होना गुणसूत्रों पर निर्भर न होकर उनके घोंसले के तापमान पर निर्भर होता है। अगर घोंसले का तापमान अधिक है यानी घोंसला ज्यादा गर्म है तो अण्डे में से नर पैदा होंगे और तापमान ठण्डा है तो मादा निकलेंगी। यानी नर–मादा के सही अनुपात को बनाए रखने के लिए प्रकृति ने उन्हें निराला तरीका प्रदान किया है

मद्रास क्रॉक बैंक में भारत की तीन लुप्तप्राय प्रजातियाँ मगर, घड़ियाल व खारे जल के मगर को देखा जा सकता है। भारतीय मगर की लंबाई तीन से चार मीटर होती है। मादा मगर एक समय में तीस तक अंडे देती है जो सफेद रंग के होते हैं, मादा अंडे देने के लिए सुरंग बनाती है जिसे अंडे देने के बाद मिट्टी से ढक देती है। साठ दिन की अवधि के बाद अंडों में से बच्चे निकलते हैं, जिनकी लंबाई पच्चीस सेंटीमीटर होती है, जो प्रत्येक छह महीने में दुगुनी होती हुई व्यस्क अवस्था में तीन से चार मीटर तक हो जाती है। मगरमच्छों की कुछ प्रजातियाँ सात मीटर तक लंबी होती हैं। क्रॉक बैंक में इन प्रजातियों के मगरमच्छ देखे जा सकते हैं।

मगरमच्छ खाद्य श्रृंखला के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, इसीलिए यहाँ पाले गए मगरमच्छों को कुछ समय बाद, वापस उसके प्राकृतवास यानी जंगल के तालाब आदि में छोड़ दिया जाता है, जिससे प्रकृति में संतुलन बना रहे। यहाँ लोगों के मन से मगरमच्छ के प्रति भय को दूर करने के साथ–साथ, पर्यावरण में मगरमच्छ की भूमिका से भी अवगत कराया जाता है। यहाँ पर इन विषैले साँपों का जहर भी निकाला जाता है और लोगों को साँप पकड़ना व उसका जहर निकालना भी सिखाया जाता है। साँप के विष को विभिन्न प्रयोगशालाओं में प्रतिविष बनाने के लिये भेजा जाता है।

प्राकृतिक आवास में दो प्रतिशत मगर के अंडे ही वयस्क अवस्था में पहुँच पाते हैं। जंगलों में मगर के अंडों के शौकीन सियार, नेवला व छिपकलियाँ अंडों

बैंक के तालाब के किनारे धूप सेकते मगरमच्छ, यह असमतापी जीवों के लिये जरूरी भी है

को चट कर जाती हैं, लेकिन क्रॉक बैंक में मगरमच्छों के लिए सुरंग बनाई जाती है व उनके प्रजनन पर ध्यान दिया जाता है। इस प्रकार यहाँ मगरमच्छों के अंडों के सुरक्षित रहने का अनुपात 70 से 80 प्रतिशत है। अंडे से निकलने वाले कमजोर बच्चे एक समय में अपने को मेढक और बड़ी मछलियों के भोजन बनने से बचाने के लिए किनारे की घास व पौधों में छिपे रहते हैं, परन्तु व्यस्क होने पर वह उस तलाब के राजा हो जाते हैं। व्यस्क मगरमच्छ हिरण, जंगली सुअर व भैसों का शिकार कर लेता है। अनेक लोगों ने मगरमच्छ को तेंदुए का शिकार करते देखा है।

मद्रास क्रॉक बैंक ने स्थापना के कुछ वर्षों के बाद ही भारत के प्रथम 'हरपेथोलॉजी' केन्द्र की स्थापना की। यहाँ सरीसृपों व उभयचर जीवों पर शोध केन्द्र स्थापित है। अण्डमान द्वीप पर स्थापित यह शोध केन्द्र सुन्दर ही नहीं वरन परिणामकारक भी सिद्ध हुआ है। इस केन्द्र में विभिन्न सरीसृप प्रजातियों जैसे साँप, कछुआ व छिपकली की प्रजनन प्रक्रिया पर अध्ययन किया जाता है, इस केन्द्र पर लुप्तप्राय प्रजाति के सर्पों जैसे किंग कोबरा, गंगा नदी के कछुओं को भी देखा जा सकता है। इसके केन्द्र में साँपों की विभिन्न प्रजातियाँ पाली गई हैं, जिनमें विश्व का सर्वाधिक लंबा जहरीला साँप ''किंग कोबरा'' भी शामिल है। किंग कोबरा की लंबाई 18 फीट तक देखी गई है। यह सर्वभक्षी प्रजाति का सदस्य है जिसका मुख्य भोजन 'मूषक सर्प' है। किंग कोबरा ही विश्व का एकमात्र सर्प है जो अपनी पूँछ से पत्तियाँ इकट्ठी कर उन्हें घोंसले का आकार देता है। इस घोसले में मादा अंडे देती है।

**मगरमच्छ के आँसू**

मगरमच्छ के आँसू एक वैज्ञानिक तथ्य है। नमकीन पानी में रहने वाला मगरमच्छ अपनी आँखों के नजदीक मौजूद विशेष ग्रंथि के द्वारा अत्याधिक नमक को रो–रो कर बहाता रहता है, इसलिए ''मगरमच्छ के आँसू'' बहाना कहावत ही नहीं एक वैज्ञानिक सच्चाई भी है।

क्रॉक बैंक में कछुओं की लगभग सोलह प्रजातियाँ रखी गई हैं। जिनमें यहाँ का आकर्षण ''समुद्री कछुआ'' है, जो आकार में विश्व का विशालतम कछुआ है। बड़ी संख्या में समुद्री कछुए दिसम्बर से मार्च माह के मध्य में अंडे देने के लिए तटीय इलाकों की तरफ आते हैं। 1972 के वन्य जीव अधिनियम के तहत कछुओं की सुरक्षा का प्रावधान है।

मद्रास क्रॉक में सरीसृप वर्ग के जीवों का सर्वाधिक विशाल परिवार अर्थात छिपकली प्रजाति के जीव भी देखे जा सकते हैं। विश्व में छिपकली वर्ग की 3500 प्रजातियाँ मिलती हैं। इस वर्ग के सदस्य सर्प वर्ग की भांति छोटे व बड़े आकार के होते हैं। छिपकली वर्ग के कुछ जीव मात्र पाँच सेंटीमीटर तो कुछ तीन मीटर तक लंबे होते हैं। विश्व में इस वर्ग की दो प्रजातियाँ ही जहरीली होती हैं। भारत में कोई भी छिपकली जहरीले वर्ग की नहीं है। यह दोनों जहरीली प्रजातियाँ मैक्सिको के जंगलों में मिलती हैं। विश्व की सर्वाधिक विशाल छिपकली 'मॉनीटर्स' है। 'जलीय मॉनीटर' हिरण व सुअर तक का शिकार करने में सक्षम होती है।

सरीसृप वर्ग के जीव हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण अंग हैं। यह जीव स्वच्छ पर्यावरण में भूमिका निभाता है। उदाहरण के लिये मगरमच्छ जलीय स्त्रोतों में मृत जीवों को खाकर जल स्त्रोतों को शुद्ध रखने में सहायक है। यह अपनी बनाई सुरंगों में ग्रीष्म काल में मछलियों व कछुओं को आवास स्थल प्रदान करता है।

आप यहाँ मगरमच्छ के बच्चों को अपने हाथ में भी उठा सकते हैं

साँप चूहों को हजम कर करोड़ों टन अनाज को सुरक्षित रखते हैं। एक चूहा जोड़ा एक वर्ष में 880 चूहों की वृद्धि करता है। इस प्रकार साँप मानव के मित्र हैं, दुश्मन नहीं, इसी तरह कछुए अशुद्ध व अप्रदूषित जल स्त्रोतों को स्वच्छ करते हैं। सरकार द्वारा 'गंगा शुद्धीकरण परियोजना' के तहत हजारों की संख्या में कछुओं को गंगा नदी में छोड़ा गया था। कछुए जलस्त्रोत के प्रदूषण को कम करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

मद्रास क्रॉक बैंक सरीसृपों की उपयोगिता व संरक्षण के लिए कार्यरत है। मद्रास क्रॉक बैंक लोगों को सर्प, छिपकली एवं कछुओं की त्वचा से निर्मित वस्तुओं को न अपनाने के लिए जागरूक कर रहा है। यह अनोखा बैंक सिर्फ प्रकृति निधि में वृद्धि करने व उसे सुरक्षित रखने में लगा है।

तालाब में स्वछंद होकर तैरते कछुए

अब अगर आप चेन्नई या उस ओर के प्रसिद्ध मंदिरों के भ्रमण का मन बना रहे हैं तो अपनी सूची में ''मद्रास क्रोकोडाइल बैंक'' को जरूर शामिल कीजिए और सच में यह आपके जीवन की स्मरणीय यात्रा तो रहेगी ही, साथ–साथ आपके मन से छिपकली, साँप यानी रेंगने वाले जीवों का भय हमेशा–हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।

अधिक जानकारी के लिये क्रॉक बैंक की वेवसाइट www.madrascrocodilebank.org देख सकते हैं।

*****

*आभार: श्री हैरी वी. एन्ड्रियूज़, निदेशक, मद्रास क्रोकोडाइल बैंक, चेन्नई एवं श्री शरथ नाम्बियार, प्रशासनिक अधिकारी, मद्रास क्रोकोडाइल बैंक, चेन्नई*

Published and Printed by Mrs. K. Dasgupta Misra on behalf of Vigyan Prasar, C-24, Qutab Institutional Area, New Delhi-110 016
Printed at R P Printers, G-68, Sector 6, NOIDA-201 301 (UP)

*Editor : B. K. Tyagi*
*Associate Editor : Nimish Kapoor*
*Contributors : Dr. Anurag Sharma, Navneet Gupta,*
*Assisted by : Suman Pal, Pradeep Kumar*